भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
08.12.2021 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1779 का उत्तर

स्टेशनों का आधुनिकीकरण

1779. श्री सुनील कुमार:

डॉ. निशिकांत दुबे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का वाल्मीकि नगर के बगहा और नरकटियागंज रेलवे स्टेशन और वाल्मीकी टाइगर प्रोजेक्ट और भितिहरवा गांधी आश्रम, जो प्रमुख पर्यटन केंद्र हैं, के आधुनिकीकरण और सुविधाओं को बढ़ाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा किए गए आबंटन का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में झारखंड राज्य सरकार से कोई अनुरोध या प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): जी हां, बाघा और नरकटियागंज रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण (नए स्टेशन परिसर और परिसंचारी क्षेत्र) को पूर्व मध्य रेलवे की सगौली-वाल्मिकीनगर (110 कि.मी.) दोहरीकरण परियोजना के भाग के रूप में आंरभ किया गया है। इस परियोजना को वर्ष 2016-17 में स्वीकृत किया गया था। इस परियोजना की स्वीकृत लागत 1216 करोड़ रुपए है। अब तक, इस परियोजना पर 516 करोड़ रुपये का व्यय किया गया है। चालू वित्त

वर्ष 2021-22 के लिए 125 करोड़ रुपए का परिव्यय उपलब्ध कराया गया है। भितिहरवा आश्रम स्टेशन, अमोलवा-गौनाहा खंड पर एक हॉल्ट स्टेशन है। रेलवे स्केल के अनुसार जयनगर-दरभंगा-नरकटियागंज-भिखनाथोरी आमान परिवर्तन परियोजना के भाग के रूप में इस स्टेशन पर यात्री सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। फिलहाल, वाल्मिकी टाइगर परियोजना पर कोई रेलवे अवसंरचना नहीं है।

(ग): जी नहीं।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

****